रामा केहि विधि आऊं मैं पास तिहारे

रामा केहि विधि आऊं मैं पास तिहारे
रामा केहि बिधि रामा केहि बिधि

बादर बन उड़ जाऊं अवध को
बरसी बरसी पखारू चरण को
मोर बनूँ उत नाच दिखाऊं
रामा केहि बिधि आऊं मैं पास तिहारे

बनूँ शिला जो तुम चरण छुआ दो
बांस बन जाऊं तुम धनु ही बना लो
काठ होय बनी जाऊं खड़ाऊ
रामा केहि बिधि आऊं मैं पास तिहारे

चन्दन बनी लगु तिलक भाल पर
हिय बिंधाय सजू फूल माल पर
जनम जनम सुख पाऊं इतराऊं
रामा केहि बिधि आऊं मैं पास तिहारे

जोग ना जानू मैं जाप ना जानू
वेद पढ्यो ना पंथ ना मानु
बस तुम्हरे ही जस मैं गाऊं
रामा केहि बिधि आऊं मैं पास तिहारे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14388/title/rama-kahe-vidhi-aau-main-paas-tihaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |